Skyweb Infotech Limited
**Reg. Office:** K-20, 2nd Floor, Lajpat Nagar-II, New Delhi-110024.
**Corp Office:** Plot No. 2A, 1st Floor, Sector-126, Noida-201301 (U.P.)
**Tel.:** 0120-6721900 | **Email:** info@skywebindia.in | **Web.:** www.skywebindia.in
**CIN No.:** L72200DL1985PLC019763

**Ref. No. - SIL/CO/SE/2020-21/58** **January 29, 2021**

**To**
**Metropolitan Stock Exchange of India Ltd.**
Vibgyor Towers, 4th Floor, Plot No C 62,
G - Block, Opp. Trident Hotel,
Bandra Kurla Complex,
Bandra(E), Mumbai – 400098

**Symbol: SKYWEB**

**Subject: Submission of Newspaper Clippings – Financial Express and Hari Bhoomi**

Dear Sir(s),

In compliance with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company has issued an advertisement regarding intimation of ensuing Board Meeting scheduled to be held on Tuesday, the 09th Day of February, 2021 to consider and approve the Unaudited Financial Results for the quarter ended 31st December, 2020 in the following newspapers on 29th January, 2021:

1. Financial Express (English)
2. Hari Bhoomi (Hindi)

Kindly take the same on your records.

Thanking You,

**Yours truly**
**For Skyweb Infotech Limited**

SKYWEB INFOTECH LTD. DELHI

**Deepesh Gupta**
**Wholetime Director & CFO**

## लाल किला बवाल मामले में राजद्रोह व यूएपीए का मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** 26 जनवरी पर ट्रैक्टर परेड के दौरान राजधानी के विभिन्न इलाकों और लाल किले पर हुई हिंसा के बाद पुलिस ने राजद्रोह व यूएपीए के तहत मामला दर्ज कर लिया है। दिल्ली पुलिस एडिशनल पीआरओ अनिल मित्तल ने बताया कि मामले की जांच दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल, अपराध शाखा के अलावा स्थानीय पुलिस कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नॉर्थ जिले में राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 186, 395, 188, 25, 59, 147, 353, 152, 308, 279, 427, 34, 54, 30, 149, 307, 269, 397, 120बी, 27, 3, 148 और 323 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा तिरंगे झंडे का अपमान करने का भी एक मामला नॉर्थ जिले में दर्ज हुआ है। पुलिस लाल किले में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर मामले उपद्रवियों की तलाश कर रही है।

## 30 किसानों को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** डीडीए ग्राउंड, बुराड़ी मैदान में रुके 30 किसान बृहस्पतिवार शाम को सिंघु बॉर्डर की तरफ कूच करने लगे। पुलिस ने सभी किसानों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि 26 जनवरी को हुई हिंसा में इन किसानों का हाथ भी हो सकता है। इसलिए उन्हें हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा बुराड़ी मैदान से किसानों को भगा दिया है।

## एसआई दयाचंद ने किया था निहंग की तलवार का सामना

**नई दिल्ली।** निहत्थे पुलिसकर्मी के सामने तलवार ताने निहंग ने कहा कि नई दिल्ली जाने नहीं दिया तो गर्दन काटकर अलग कर दी जाएगी। यह अल्फाज सुनकर लाजमी है जिसके सामने कोई शख्स मौत बनकर खड़ा हो उसकी तो रूह तक कांप जाए। मौत को सामने देखकर भी एसआई दयाचंद ने उपद्रवी के सामने अपनी गर्दन नहीं झुकाई और कांस्टेबल नितिन ने लाठी से तलवार का मुकाबला किया। इंटरनेट मीडिया पर एक फोटो काफी वायरल हो रही है, जिसमें दिख रहा है एक निहंग ने पुलिसकर्मी पर तलवार तान रखी है। जिस पुलिसकर्मी पर तलवार तानी थी वह मंडावली थाने में तैनात एसआई दया चंद हैं। यह फोटो गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर परेड के नाम पर हुए उपद्रव के दौरान अक्षरधाम के पास की है।

## दिल्ली की सीमाओं पर बढ़ा सुरक्षा पहरा...

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गणतंत्र दिवस पर किसानों की ट्रैक्टर परेड के दौरान हुई हिंसा के बाद बृहस्पतिवार को भी दिल्ली से लगी सीमाओं पर पुलिस बल की भारी तैनाती है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लाल किले पर भी सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं। कृषक संगठनों की केन्द्र के तीन नए कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग के पक्ष में मंगलवार को हजारों की संख्या में किसानों ने ट्रैक्टर परेड निकाली थी। इस दौरान कई जगह प्रदर्शनकारियों ने पुलिस



के अवरोधकों को तोड़ दिया और पुलिस के साथ झड़प व वाहनों में तोड़-फोड़ की और लाल किले पर एक धार्मिक ध्वज लगा दिया था। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को इस संबंध में 25 आपराधिक मामले दर्ज किए थे। इस हिंसा में 394 पुलिस कर्मी घायल हुए थे और पुलिस के 30 वाहन क्षतिग्रस्त भी हुए थे।

केंद्र सरकार के कृषि सुधार कानूनों के खिलाफ चल रहे किसान आंदोलन के दौरान गाजीपुर की सीमा पर सुरक्षाबलों ने किया फ्लैग मार्च।

## गाजीपुर बॉर्डर की तरफ कूच करते जवान...



### पुलिस कमिश्नर ने गुरुवार को आला अधिकारियों के साथ की बैठक


# दिनभर किसान आंदोलन से निपटने की रणनीति बनाने में जुटी रही दिल्ली पुलिस

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस कमिश्नर एसएन श्रीवास्तव ने गुरुवार को आला अधिकारियों के साथ बैठक कर किसान आंदोलन से निपटने की रणनीति पर चर्चा की है। पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में सीपी के साथ स्पेशल पुलिस कमिश्नर (इंटेलिजेंस) और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। इस बैठक के बाद किसान नेताओं से किस प्रकार डीलिंग की जाए इस पर भी मंथन हुआ।

**नई दिल्ली।** इसके पहले बुधवार को पुलिस कमिश्नर ने प्रेसवार्ता में अपने सख्त इरादे दर्शाए थे। उन्होंने साफ किया था कि 26 जनवरी को किसान ट्रैक्टर रैली के दौरान हुई हिंसा के जिम्मेदार किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा चाहे वह कोई किसान नेता ही क्यों न हो। उन्होंने साफ-साफ लहजे में यह बता दिया था कि किसान नेताओं ने उनके साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने मुकरबा चौक पर किसानों की भीड़ को उकसाने के लिये किसान नेता सतनाम सिंह पन्नू का बाकायदा नाम भी लिया था।

## आने वाले दिन हो सकते हैं चुनौतीपूर्ण, इसके लिए रहें तैयार : श्रीवास्तव

**नई दिल्ली।** पुलिस कमिश्नर एस एन श्रीवास्तव ने एक पत्र जारी कर दिल्ली पुलिस के जवानों को कहा कि आने वाले दिन चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं, इसके लिये तैयार रहें। इसका सीधा इशारा किसान आंदोलन को खत्म करवाने से भी जोड़कर देखा जा रहा है। उधर बुधवार रात से ही दिल्ली के चार मुख्य बॉर्डर सिंघु, टीकरी, गाजीपुर और चिल्ला बॉर्डर से भीड़ छटती नजर आई। गुरुवार को इन बॉर्डर से काफी संख्या में किसान अपने गांव को लौट गये। इसका कारण पुलिसिया कार्रवाई को माना जा रहा है। पुलिस कमिश्नर द्वारा लिखे गये पत्र में कहा गया है कि किसान आंदोलन 26 जनवरी को उग्र हो गया था तब आपने (दिल्ली पुलिस) काफी संयम का परिचय दिया था। इस सूझबूझ की तारीफ करते हुए उन्होंने आगे लिखा कि हमारे जवानों के पास बल प्रयोग करने का विकल्प खुला था मगर सूझबूझ का परिचय


संदेश
...
एस. एन. श्रीवास्तव
आयुक्त
दिल्ली पुलिस

दिया गया। यह आचरण काफी चुनौतीपूर्ण था मगर इसी कारण यह निपट पाई। हम सभी इस प्रकार की चुनौतियों का सामना करते आए हैं। आपकी मेहनत और कार्य कुशलता से ही किसान आंदोलन की चुनौती का हम डट कर मुकाबला कर पाए हैं। किसान आंदोलन में हमारे 394 साथी घायल हुए हैं। कुछ का इलाज अभी चल रहा है। मै अस्पताल में घायल साथियों से मिलकर आया हूं। उन्हें बेहतर इलाज की सुविधाएं दी जा रही है। दिल्ली पुलिस उनके अच्छे स्वास्थ्य और उपचार के लिये प्रतिबद्ध है। पुलिस कमिश्नर ने आगे कहा कि मैं आप को बतलाना चाहता हूं कि आगे आने वाले कुछ दिन हमारे लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। हमें सचेत रहने की आवश्यकता है। हम सब को अपना धैर्य और अनुशासन बनाए रखना है। मैं आपके संयम और धैर्य के लिए धन्यवाद देता हूं।

## राकेश टिकैत को पुलिस ने जारी किया नोटिस, तीन दिन में मांगा जबाब

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

ट्रैक्टर मार्च के दौरान हुई हिंसा के बाद दिल्ली पुलिस ने किसान नेताओं को हिंसा का जिम्मेदार ठहराया हैं। इसके साथ ही बृहस्पतिवार को दिल्ली पुलिस ने राकेश टिकैत को एक नोटिस जारी किया है। नोटिस में पुलिस ने कहा है कि राकेश टिकैत ने वादा खिलाफी की है। उन्होंने पुलिस से किए वादे को तोड़ा है। दरअसल, राकेश टिकैत ने पुलिस को भरोसा दिया था कि वह और उनका काफिला पुलिस द्वारा बताये गए रूट पर ही ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और वह अप्सरा बॉर्डर पहुंचने की वजह अक्षरधाम पहुंचे।

पुलिस ने टिकैत को नोटिस जारी करते हुए तीन दिनों के भीतर हिंसा करने वाले आरोपियों के नाम भी बताने के लिए कहा है। दिल्ली पुलिस की ओर से भेजा गया नोटिस बृहस्पतिवार को गाजीपुर बॉर्डर पर लगे टिकैत के टेंट के बाहर चिपका दिया गया है। ट्रैक्टर मार्च के दौरान हुई हिंसा के बाद राकेश टिकैत का एक और बयान सामने आया है। इस बयान में टिकैत यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि यदि किसान लाल किला पर चढ़ गया था तो पुलिस ने गोली क्यों नहीं चलाई। इसके बाद वह फिर से चर्चाओं में बने हुए है। टिकैत ने आखिर यह बयान क्यों दिया है।

लेकिन सूत्रों का कहना है कि इस बयान से ऐसा लगा रहा है कि उनकी बड़ी हिंसा की साजिश तो नहीं थी। पुलिस इन सब सवालों के जवाबों को ढूंढने में लगी है।

### ट्रैक्टर के आगे डटी रही महिला इंस्पेक्टर व एसआई

ईस्ट जिले के मंडावली थाने में एटीओ के पद पर तैनात इंस्पेक्टर पुष्पलता ने भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रवक्ता राकेश टिकैत पर भीड़ को भड़काने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि टिकैत बातों से कुछ ओर वह इशारे से कुछ और कह रहे थे। वह इशारों में किसानों को तय रूट पर न भेजकर दिल्ली में जाने के लिए कह रहे थे। लेकिन पुष्पलता और उनके साथ मौजूद महिला एसआई सुमन कुश्वाहा किसानों के सामने से नहीं हटी और वहीं डटी रहीं। टिकैत ने उन्हें पीछे हटने के लिए कहा। मगर वह पीछे नहीं हटी। इसके बाद किसान किसान जबरन बैरिकेडिंग तोड़कर दिल्ली की ओर निकल गए।

## 44 किसान नेताओं के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

■ एफआईआर की संख्या 25 से बढ़कर हुई 33

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस पर किसान ट्रैक्टर परेड के दौरान हुई हिंसा को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय और दिल्ली पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। केस की जांच स्पेशल सेल को सौंपी गई है। साथ ही क्राइम ब्रांच भी कुछ केस हेंडल करेगी। इसी कड़ी में गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस को आदेश दिया गया है कि जिन किसान नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया जाएगा। करीब 44 नेताओं के खिलाफ यह नोटिस जारी हुआ है। इसके बाद किसान नेताओं के पासपोर्ट भी जब्त हो सकते हैं। वहीं एफआईआर की संख्या भी बढ़कर 33 हो गई है। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने किसान नेता राकेश टिकैत और योगेंद्र यादव समेत करीब 20 नेताओं को नोटिस भेजा है। गौरतलब है कि ट्रैक्टर परेड के दौरान उपद्रव करने के मामले की जांच के लिए भी पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव ने विशेष जांच दल (एसआइटी) गठित कर दी है। एसआइटी को जांच में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल व संबंधित स्थानीय थाना पुलिस भी सहयोग करेगी। पुलिस यह पता लगा रही है कि हिंसा की रूपरेखा देश के बाहर से तो नहीं लिखी गई थी। इसके लिये ट्वीटर व सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उपद्रव के पीछे किसी राजनैतिक पार्टी के नेताओं का हाथ तो नहीं है।

## धरनास्थल से एक किलोमीटर पहले लगाई गई बैरिकेडिंग

**नई दिल्ली।** 26 जनवरी को टिकरी बॉर्डर पर हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद बॉर्डर पर पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर दिए गए हैं। पुलिस ने किसानों के धरनास्थल से लगभग एक किलोमीटर पहले बैरिकेडिंग लगाकर रास्ते को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। बता दे कि इससे पहले धरना स्थल से केवल 100 मीटर की दूरी पर ही बैरिकेड लगाए गए थे। लेकिन 26 जनवरी को हुई हिंसा के बाद पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। हिंसा के बाद पुलिस ने टिकरी बॉर्डर मेट्रो स्टेशन के नीचे बैरिकेडिंग लगा दी गई है। इसके अलावा मेट्रो स्टेशन को भी पूरी तरह बंद कर दिया गया है। आम जनता को मेट्रो स्टेशन का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी है। अगर कोई मेट्रो स्टेशन पहुंचता है तो पुलिस उन्हें दूसरे मेट्रो स्टेशन पर जाने के निर्देश दे रही है। टिकरी बॉर्डर पर पुलिस फोर्स के अलावा अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त टुकड़ियों को भी तैनात दिया गया है। यदि अब किसानों द्वारा किसी भी तरह का हंगामा किया जाता है, तो उन्हें किसी भी कीमत पर टिकरी बॉर्डर से आगे ना बढ़ने दिया जाए।

## थप्पड़ का बदला लेने के लिए युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या

■ दो गिरफ्तार, दो फरार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

भारत नगर थाना पुलिस ने आनंद नामक एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या करने की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के नाम यशपाल उर्फ विशाल और सौरभ है। आरोपियों ने बताया कि थप्पड़ का बदला लेने के लिए उन्होंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर आनंद की हत्या की थी। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

डीसीपी (नॉर्थ-वेस्ट) उषा रंगनानी ने बताया कि भारत नगर थाना पुलिस को गत 25 जनवरी को सूचना मिली आनंद (34) नामक एक युवक को दीप चंद अस्पताल में घायल अवस्था में भर्ती कराया गया है। जांच में पता चला कि आनंद के शरीर पर चाकुओं के कई निशान थे। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि जीएच ब्लॉक चौक के पास तिकोना पार्क, वजीरपुर, जेजे कॉलोनी में कुछ लोगों के बीच झगड़ा हुआ था। आरोपियों को पकड़ने के लिए इंस्पेक्टर मोहन सिंह की देखरेख में एक टीम बनाई गई। टीम में एसआई आनंद, एएसआई राजकुमार, कांस्टेबल विकास, मनमोहन और राजेंद्र के अलावा अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहें। पुलिस ने चश्मदीद की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। उसने पुलिस को बताया कि तिकोना पार्क के पास आनंद का जेजे कॉलोनी के रहने वाले रितिक, कुनाल, सौरभ और यशपाल से झगड़ा हुआ था। पुलिस ने गुप्त सूचना के बाद सौरभ और विशाल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल लिया और अपने सहयोगियों के बारे में भी बताया।

## निगम उप चुनाव को लेकर जिला अध्यक्षों के साथ डीपीसीसी अध्यक्ष ने की बैठक

नई दिल्ली। अगामी 28फरवरी को पांच निगम वार्ड पर होने वाले उपचुनावों को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कमर कस ली है। गुरूवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ अनिल कुमार ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में एक बैठक बुलाई। बैठक में पूर्व विधायकों, जिला अध्यक्षों व ब्लाक अध्यक्षों के साथ चुनाव को लेकर चर्चा हुई। बैठक में चौ अनिल ने सभी को मिलकर चुनाव लड़ने और जीतने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव केवल पांच वार्ड पर है लेकिन यह कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण है। उम्मीदवारों को लेकर उन्होंने कहा कि सभी ब्लाक पर्यवेक्षकों को सूची बनाने के लिए कहा गया है। जिसके साथ अन्य तरीके से भी नाम लिए जाएगें, जीतने वाले चेहरों को पूरा मौका मिलेगा। इस चुनाव में कांग्रेस को आप पार्टी व भाजपा की ख़ामियों को उजागर करना होगा। एक एक कार्यकर्ता मिलकर जीत के लिए काम करेगा। बता दे कि राज्य चुनाव आयोग ने बुधवार को निगम उप चुनाव की तारीखों का ऐलान किया है। जिसके अनुसार वार्ड उत्तरी दिल्ली निगम के तहत वार्ड नंबर 32 एन, (रोहिणी-सी) जनरल, वार्ड नंबर 62 एन, (शालीमार बाग उत्तर) महिला, पूर्वी दिल्ली निगम के तहत 3 वार्ड नंबर 02-ई (त्रिलोकपुरी)अनुसूचित जाति, वार्ड नंबर 08-ई (कल्याण पुरी) अनुसूचित जाति और वार्ड नंबर 41-ई (चौहान बांगर) जनरल शामिल है। वोट 28फरवरी को पड़ेंगे, एक फरवरी को अधिसूचना जारी होगी। जबकि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 8 फरवरी होगी, नामांकन की जांच 10 फरवरी होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 13 फरवरी होगी और मतदान 28 फरवरी को सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक डाले जाएगें। मतो की गणना 3 मार्च 2021 को होगी।

## महिला को बंधक बना की थी लूटपाट

### केयर टेकर समेत तीन लुटेरे चढ़े हत्थे

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

मैदान गढ़ी इलाके में हथियार के बल पर महिला को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले तीन लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लुटेरों में केयरटेकर भी शामिल है। वहीं इस लूट का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। इनके पास से पिस्तौल, दो कारतूस और लाखों के गहनें बरामद हुए है। गिरफ्तार लुटेरों के नाम डेरा गांव निवासी राजेंद्र उर्फ लंगड़ा, जितेंद्र और आया नगर निवासी दीपक है। जांच में पता चला कि केयरटेकर राजेंद्र पर पहले से भी यूपी में डकैती व गैंगस्टर एक्ट के कई मामले दर्ज हैं।

साउथ जिले के डीसीपी अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि 25 जनवरी को एक 40 साल की



महिला ने मैदानगढ़ी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 24/25 जनवरी की रात तीन लोग मफलर बांध कर आए थे। उन्होंने महिला को हथियार के बल पर बंधक बना लूटपाट की और फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो जंगल की तरफ से चार लोग दिखाई पड़े। हालांकि उनकी फुटेज साफ साफ नहीं थी। लेकिन जंगल के दूसरी तरफ की फुटेज देखी गई तो संदिग्धों के अलावा एक कार और एक बाइक भी दिखाई दी। इसके बाद बाइक नंबर के आधार पर दीपक को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके सहयोगी जितेंद्र और राजेंद्र को पकड़ा। दीपक और जितेंद्र पर इससे पहले कोई अपराधिक मामला नहीं पाया गया है। फिलहाल तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### एक ही प्रॉपर्टी के कई जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर फाइनेंस कंपनी से लिया था लोन

# दो करोड़ के लोन फ्रॉड में शामिल रहे पिता पुत्र गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

आर्थिक अपराध शाखा ने एक ही प्रॉपर्टी के कई जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर फाइनेंस कम्पनियों और बैंकों से लगभग दो के लोन फ्रॉड में शामिल रहे पिता पुत्र को गिरफ्तार किया है। इनके नाम रविंद्र कुमार (70) और सौरभ कुमार (39) है। आरोपियों ने डीएचएफएल से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 1.96 करोड़ रुपए का लोन लेने के कुछ दिनों के बाद 31 लाख रुपए और आवंटित करवा लिए थे। फिलहाल पुलिस मामले में आगे जांच करते हुए फ्रॉड में शामिल अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाने में जुटी है। ज्वाइंट सीपी डॉ



ओ पी मिश्रा के अनुसार लोन फ्रॉड के इस मामले में पुलिस को डीएचएफएल की ओर से शिकायत मिली थी। जिसमें बताया गया था कि रविंद्र कुमार और उसके बेटे सौरभ कुमार ने 2015 के फरवरी माह में पंजाबी बाग वेस्ट की प्रॉपर्टी नंबर-30/45 की दूसरी मंजिल को खरीदने के लिए 2.27 करोड़ रुपए के दो लोन लिये थे। लेकिन दोनों ने लोन की शुरुआत में कुछ किश्तें जमा की और फिर बंद कर दी थी। इतना ही नहीं पता चला कि जिस प्रॉपर्टी के नाम पर लोन लिया था, वह प्रॉपर्टी भी नहीं खरीदी गई। शिकायत पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 420, 406, 467, 471 और 120बी के तहत केस दर्ज कर डीसीपी उर्विजा गोयल की निगरानी और एसीपी नगीन कौशिक की देखरेख में इंस्पेक्टर मुकेश राणा और कांस्टेबल राजपाल की टीम ने छानबीन शुरू की।

## लोन की रकम का किया निजी इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी पिता पुत्र ने प्रॉपर्टी को गिरवी रखने के लिए कई जाली दस्तावेज जमा करवाये थे। लोन की रकम का इनके द्वारा निजी इस्तेमाल किया गया था। जांच के बाद पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस भेजा, लेकिन वे जांच में शामिल नहीं हुये। इसके बाद पुलिस ने दोनों को ट्रेस कर गिरफ्तार कर लिया।

महाशक्तिशाली सिकंदरे आज़म
(हर्बल औषधि) कैप्सूल
हाशमी अमरोहा द्वारा निर्मित
नई ताकत, सेहत, जवानी व उमंग के साथ सुखमय विवाहित जीवन का आनन्द लें जी भर कर
तुष्टि पुष्टि संतुष्टि के लिए
मेडिकल स्टोर से खरीदें या फोन करें
09212358677
09015270020

स्काईवेब इन्फोटेक लिमिटेड
CIN: L72200DL1985PLC019763
पंजीकृत कार्यालय: के -20, दूसरी मंजिल, लाजपत नगर- II, नई दिल्ली -110 024
कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट नंबर 2 ए, पहली मंजिल, विंग-ए, सेक्टर -126, नोएडा, उत्तर प्रदेश- 201 301
ई-मेल आईडी: info@skywebindia.in | Ph. No. 0120-6726800
सूचना
विनियम 29 (1) (क) सेबी के नियमन 47 (नियमन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) के साथ पठित, विनियम, 2015, एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक मंगलवार, 9 तारीख, फरवरी , 2021 को आयोजित की जाएगी, जिसमे अंतरिम रूप से, 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए अनऑडिटेड स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों पर विचार और अनुमोदन किया जायेगा।
उक्त जानकारी कंपनी की वेबसाइट www.skywebindia.in और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.msei.in पर देखी जा सकती है।
बोर्ड की आज्ञानुसार
स्काईवेब इन्फोटेक लिमिटेड
हस्ता / -
दीपेश गुप्ता
पूर्ण कालिक निदेशक तथा सीएफओ
दिनांक : 28.01.2021
स्थान: नोएडा, (यु.पी.)